का विचार है जिन पर १८५७ के विद्रोह का प्रभाव पड़ा था; और

(ख) इससे पीड़ित लोगों की सन्तानों के पुनर्वास के लिय सरकार का क्या योजना बनाने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री दातार) : (क) उत्सव का उचित कार्यक्रम बनाने के लिए हर राज्य सरकार ने अपनी अपनी राष्ट्रीय समिति बनाई है। निःसन्देह राज्य सरकारें यह ध्यान रखेंगी कि १८५७ के संग्राम से सम्बन्धित सभी ऐतिहासिक स्थानों पर विशेष उत्सव मनाने का आयोजन किया जाए।

(ख) इस सम्बन्ध में कोई विशेष योजना नहीं बनाई गई है।

हिन्दी की शिक्षा

*५८०. **श्री अमर सिंह डामर** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को हिन्दी सिखाने की योजना के अन्तर्गत प्रति व्यक्ति कुल कितना खर्चा आया;

(ख) क्या इस योजना के अन्तर्गत हिन्दी सीखे हुए व्यक्ति हिन्दी में काम करने के योग्य हो गये हैं; और

(ग) अधीक्षक अधिकारियों की नियुक्ति के बाद इस योजना में क्या प्रगति हुई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री दातार) : (क) इस समय ट्रेनिंग के तीन कोर्स हैं। एक कोर्स में प्रति व्यक्ति पर लगभग २१ रुपये खर्च होते हैं।

(ख) जो तीसरा कोर्स अथवा प्राज्ञ परीक्षा पास कर चुके हैं वे साधारण सरकारी कार्य हिन्दी में कर सकते हैं। यह भी निश्चय किया गया है कि १९६० या १९६१ तक कठिन प्रकार के टिप्पण तथा आलेखन (नोटिंग तथा ड्राफ्टिंग) और कार्यालय से संबंधित अन्य कार्यों के लिये ट्रेनिंग का एक एडवान्स कोर्स आरम्भ किया जाये।

(ग) सब केन्द्रों में अध्यापकों के कार्य को देखभाल करने के लिये अधीक्षक अधिकारी अर्थात् ऐसिस्टेन्ट सुपरवाइजर नियुक्त किये गये हैं। दिल्ली स्थित सुपरवाइजर पर देखभाल का समस्त भार है और वह देश के समस्त केन्द्रों का निरीक्षण भी करता है।

Mysore Iron and Steel Works, Bhadravathy

*581. **Shri Mohamed Immam:** Will the Minister of **Steel, Mines and Fuel** be pleased to state the Central assistance given to Mysore Iron and Steel Works, Bhadravathy during year 1956-57?

The Minister of Steel, Mines and Fuel (Sardar Swaran Singh): No loan was given to the Mysore Iron and Steel Works during the year 1956-57.

हिमाचल प्रदेश सचिवालय में आग

*५८ **श्री वाजपेयी** : क्या गृह-कार्य मंत्री [illegible] कृपा [illegible] कि :

(क) क्या हिमाचल प्र[illegible] सचिवालय [illegible] भवन में आग के कारणों का पता लगाने के लिये कोई जांच की गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है; और

(ग) इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सरकार का क्या कदम उठाने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दातार) : (क) तथा (ख) जांच की जा रही है।

(ग) वास्तविक स्थिति मालूम हो जाने पर ही भविष्य में की जाने वाली कार्यवाही पर विचार किया जायेगा।